आकाशवाणी श्री विजयपुरम

07.07.2026 समय : 1905

1. पहलगाम आतंकी हमले के बाद मिले समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया का आभार जताया। इसके साथ ही, श्री मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से समानित भी किया गया।

2. विकसित भारत के लक्ष्य के लिए कृषि मंत्री ने प्रगति परियोजना का शुभारंभ किया। इस परियोजना से बीस लाख किसान और बीस हजार से अधिक कृषि उद्यमी सशक्त होंगे।

3. एम एस एम ई आइडिया हैकाथॉन के लिए आवेदन शुरू हुए। इस राष्ट्रीय मंच से युवा उद्यमियों को मार्गदर्शन और इन्क्यूबेशन सहायता मिलेगी।

4. निकोबार पुलिस की सख्त कार्रवाई से अवैध शराब निर्माण रोकने के लिए लगभग साढ़े चार हजार लीटर लाहन नष्ट किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने जकार्ता में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच 2018 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी प्रगति के नए चरण में प्रवेश कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बढ़ते आपसी विश्वास ने रक्षा, सुरक्षा और समुद्री क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया है। श्री मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर भारत और इंडोनेशिया की सोच एक समान रही है। पीएम मोदी ने पिछले वर्ष पहलगाम आतंकी हमले के बाद इंडोनेशिया द्वारा भारत के समर्थन के लिए राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और वहां की जनता का आभार जताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस–यूपीआई को जल्द ही इंडोनेशिया की भुगतान प्रणाली के साथ जोडा जाएगा, जिससे व्यापार और यात्रा दोनों में आसानी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिन्तांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित होने पर आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रगति परियोजना का शुभारंभ किया जिसका उद्देश्य 20 हजार से अधिक कृषि उद्यमियों और 20 लाख किसानों को सशक्त बनाना है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि विकास, समृद्ध गांवों और समृद्ध किसानों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने प्रगति कार्यक्रम के अंतर्गत 26 हजार लघु कृषि उद्यमियों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ये उद्यमी एक गांव की कृषि कार्य में बदलाव लाने के लिए 100 से 200 किसानों के साथ सहयोग करते हैं।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय ने कोलकाता कॉउचर एक्सपो 2026 में भागीदारी के लिए पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह प्रदर्शनी 6 और 7 अगस्त को कोलकाता स्थित बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित होगी। प्रदर्शनी में महिलाओं के पारंपरिक परिधान तथा अन्य परिधान उत्पादों के निर्माण से जुड़े पात्र एमएसई भाग ले सकते हैं। चयनित इकाइयों को क्रय एवं विपणन सहातया योजना के तहत विभिन्न वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत निर्मित स्टॉल किराये पर 80 प्रतिशत सब्सिडी तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, पूर्वोत्तर क्षेत्र, दिव्यांग और आकांक्षी जिलों की इकाइयों को 100 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई है। इच्छुक उद्यमी ऑनलाइन आवेदन के लिए जारी क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। स्टॉल बुकिंग संबंधी जानकारी के लिए 908–843–3145 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एम एस एम ई आइडिया हैकाथॉन 6.0 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह मंत्रालय की प्रमुख नवाचार पहल है, जिसमें 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक एम एस एम ई, छात्र और अन्य श्रेणियों के अंतर्गत भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी छह विषयगत क्षेत्रों में अपने नवाचार संबंधी विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई है। चयनित नवाचारों को विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, इन्क्यूबेशन सहायता तथा प्रत्येक स्वीकृत विचार के लिए अधिकतम 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर भी मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन मंत्रालय के आधिकारिक पोर्टल my.msme.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया या परियोजना संबंधी मार्गदर्शन के लिए इच्छुक उम्मीदवार टेकवेव्स इन्क्यूबेशन सेंटर, डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, श्री विजयापुरम से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

निकोबार जिला पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से पिछले महीने जून में पूरे जिले में व्यापक आबकारी प्रवर्तन अभियान चलाया। इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापेमारी और निगरानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिले में कुल 10 आबकारी मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने करीब पिचासी लीटर अवैध शराब जब्त की। इसके अलावा अवैध शराब बनाने में उपयोग होने वाले साढ़े चार हजार लीटर लाहन को नष्ट किया गया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन या बिक्री से संबंधित किसी भी जानकारी की सूचना निकटतम पुलिस थाना, एसएचओ, एसडीपीओ अथवा पुलिस अधीक्षक, निकोबार को दें सकते है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उसे पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने नागरिकों से सुरक्षित और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए अवैध शराब के खिलाफ अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चार दिवसीय कार्याशाला का आयोजन कल से शुरू हुआ। कार्याशाला में प्रतिभागियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, कविता और कहानी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्याशाला का समापन नौ जुलाई को होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026–27 के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान विश्वविद्यालय के डिग्री तथा एम एस बी टी ई के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम जारी किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार सी सी ए पी पोर्टल 8 से 17 जुलाई तक खुला रहेगा। 24 जुलाई को अनंतिम मेरिट सूची जारी होगी, जबकि 25 एवं 26 जुलाई को दावे और आपत्तियां ईमेल dbraitadmission@gmail.com पर स्वीकार की जाएंगी। अंतिम मेरिट सूची 27 जुलाई शाम को प्रकाशित होगी। डी एच एम सीटी की काउंसलिंग 28 जुलाई को होगी। अधिक जानकारी सी सी ए पी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><><>